कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक 03.10.2024

/प्रेस विज्ञप्ति/

गर्ल्स कॉलेज में

राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस का आयोजन

शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस के अंतर्गत प्रभारी प्राचार्य डॉ0 डी0 सी0 अग्रवाल द्वारा छात्राओं को रक्तदान करने हेतु शपथ दिलायी गई एवं अपने उद्‌बोधन में कहा कि रक्तदान महादान है। हमें निःसंकोच होकर मानवता के हित में रक्तदान करना चाहिए। मनुष्य का जीवन हर वक्त हर क्षण अमूल्य होता है। किसी मनुष्य का जीवन रक्तदान कर बचा सकते हैं। लोगों के मन में यह धारणा होती है कि रक्तदान करने से शरीर में रक्त की कमी हो जाती है, किन्तु इससे किसी भी प्रकार में रक्त में कमी नहीं आती और न ही किसी भी प्रकार की कोई हानि होती है। रक्तदान करने वाला व्यक्ति समाज और मानवता के अनमोल सेवक होते हैं।

इस अवसर पर छात्राओं ने रक्तदान करने का संकल्प लिया। उक्त आयोजन दिवस पर महाविद्यालय के कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 यशेश्वरी ध्रुव ने कहा कि स्वस्थ लोगों द्वारा किये गये रक्तदान का उपयोग जरूरतमंद लोगों को खून चढ़ाने के लिए किया जाता है। अनेक कारणों से लोगों को रक्त आवश्यकता होती है। इस जीवनदायी रक्त को एकत्र करने का एकमात्र उपाय रक्तदान है। अतः सभी स्वस्थ व्यक्तियों को रक्तदान जैसा पुण्य कार्य करना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 आरती राठौर ने किया।

(डॉ0 डी0 सी0 अग्रवाल)
प्रभारी प्राचार्य
शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर
कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग

/राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस/